13 साल बाद महलोई स्कूल को मिला फिजिक्स का लेक्चरर




## खबर संक्षेप

### 14 जुलाई तक मंगाए गए दावा आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्र कछार क्र. 01 ग्राम पंचायत कछार में आँगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए गत दिवस आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण पश्चात प्राविधिक अंतिम मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा आपत्ति परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के कार्यालय में 14 जुलाई तक सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

### बैंक खाते को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

**रायगढ़।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर में छात्रवृत्ति भुगतान आधार सीडिंग बैंक खाता में किया जा रहा है। अतः ऐसे विद्यार्थी जिनका आधार सीडिंग इनएक्टिव होने के कारण अथवा बैंक खाता गलत होने बैंक खाता बंद होने के कारण छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हुआ हो तो अपने स्टूडेंट आई डी से त्रुटि सुधार करते हुए आधार सीडिंग किए हुए सही बैंक खाता की एंट्री 7 दिवस में करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि में त्रुटि सुधार नहीं किए जाने पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने की स्थिति में समस्त जवाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विद्यार्थी अपनी अध्ययनरत संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ कलेक्टर परिसर छात्रवृत्ति शाखा अथवा छात्रवृत्ति पोर्टल में दर्ज मोबाईल नंबर पर कार्यालयीन समयावधि में संपर्क कर सकते है।

### बाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह

**कटेली।** बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकास एवं संगठनात्मक कार्य अनुभव और स्वयं निर्णय लेने का अवसर प्रदान करते हुए शा प्राथमिक शाला परसकोल संकुल. परसदा बड़े, विकासखंड सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में बाल कैबिनेट का गठन कर शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। बाल कैबिनेट का गठन शिक्षक चूड़ामणि साहू, विनोद कुमार साहू एवं शिक्षिका तुलसी साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त समारोह में कीर्तन साहू कक्षा आठवीं ने शाला संरक्षक, अंजू साहू कक्षा आठवीं ने प्रधानमंत्री एवं किशन साहू उप प्रधानमंत्री, धनेश्वरी साहू सांस्कृतिक मंत्री, ऋषि साहू खेल मंत्री, जयशिवा कानून मंत्री, शबनम वारे उपकानूनमंत्री, गरिमा नवरंगे शिक्षामंत्री, प्रभा स्वास्थ्य मंत्री, कुशल उप स्वास्थ्य मंत्री, कुमारी हरीमती खाद्य मंत्री, कुमारी दिव्या उपखाद्य मंत्री, कुमारी भूमिका स्वच्छता मंत्री, कुमारी कुमारी जीवका बागवानी मंत्री, मयंक सूचना मंत्री के पद पर इन सभी बच्चों को ग्राम पंचायत परसकोल के सरपंच चंद्रशेखर चंदन पटेल के द्वारा पदीय कर्त्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन हेतु शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर भागीरथी यादव उपाध्यक्ष सुंदरलाल नौरंगे, देव कुमार पटेल, शशि पटेल एवं अन्य पालकगण उपस्थित रहे।

### जिले में 349.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 4 जुलाई तक 349.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 53.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 440.7 मिली मीटर, पुसौर में 396.2, खरसिया में 375.9, घरघोड़ा में 338, तमनार में 228.9, लैलूंगा में 299.1, मुकडेगा में 357.6, धरमजयगढ़ में 274.7, छाल में 361.6 एवं कापू में 424 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## शहर में सालों से छात्राओं को छात्रावास तक नसीब नहीं

# इस साल भी किराए के भवन में करेंगी गुजारा, खंडहर में तब्दील कन्या छात्रावास





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जिला के मुख्यालय रायगढ़ शहर में छात्राओं को बीते कई सालों से छात्रावास तक नसीब नहीं हो पा रहा है। जिससे दूर-दराज से आकर शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राएं मजबूरन मकान किराए पर लेकर गुजारा करती हैं। इधर डिग्री कॉलेज के पीछे में स्थित नवनिर्मित 100 सीटर कन्या छात्रावास खंडहर में तब्दील हो गया है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में इस साल भी छात्राओं को किराए के मकान में ही रह कर भविष्य गढ़ना होगा।

दरअसल किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ का सबसे बड़ा व अग्रणी कॉलेज है। यहां दूर-दराज से लेकर अन्य जिलों की छात्राएं भी शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। करीब साढ़े तीन साल पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कॉलेज के पीछे 100 सीटर कन्या छात्रावास का निर्माण किया गया है। ताकि बाहर से आने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिल सके, लेकिन छात्रावास बनने के बाद भी यह अब तक अधूरा है। इसका कारण यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा यहां का काम लगभग पूरा कर लिया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में यह स्थान चोरों का प्रमुख अड्डा बन गया। एक-एक करके चोर दर्जनों खिड़कियां और दरवाजों को तोड़ कर ले गए। इतना ही नहीं जगह-जगह हुए विद्युत वायरिंग को भी तोडफोड़ कर चोर वायर को भी ले गए हैं। वर्तमान में यहां धूल डस्ट से फर्स काले पड़ गए हैं और सिर्फ दीवार ही नजर आ रहे हैं। जिससे यह छात्रावास भवन शुरू होने से पहले ही खंडहर में तब्दील हो गया है। कॉलेज प्रबंधन की मानें तो पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा आधे-अधूरे भवन को उन्हें हैंडओवर किया जा रहा था, जिसे प्रबंधन ने लेने से मना कर दिया। इसके बाद इस दिशा में किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने पहल नहीं की।

### नहीं हो रही कोई सुनवाई : प्राचार्या

इस संबंध में डिग्री कॉलेज की प्राचार्या मनोरमा पांडेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 100 सीटर कन्या छात्रावास पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गया है, बिना अप टू डेट किए हम कैसे उक्त जर्जर भवन को हैंडओवर में ले सकते हैं। पूर्व में अपने कॉलेज में जब इंटरनेशनल सेमीनार का आयोजन हुआ था तब तत्कालीन कलेक्टर कार्तिकेय गोयल सर कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, जिनसे मैनें निवेदन किया था कि हॉस्टल को सुधार करके यदि कॉलेज हो हैंडओवर हो जाता तो ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली छात्राओं को सुविधा होगी। क्योंकि उन्हें किराए का मकान लेकर रहना पड़ता है, तब सर ने हमें देखते हैं कह कर आश्वासन दिया था। हमारा हमेशा प्रयास रहा है कि हॉस्टल हमें मिल जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उक्त छात्रावास की खिड़कियां, दरवाजे, वायरिंग के सामान सब चोरी हो गए हैं, यहां दीवार के अलावा कुछ भी नहीं है।

### शासन-प्रशासन को नहीं कोई वास्ता

बताया जा रहा है कि यह छात्रावास हर वर्ग की छात्राओं के लिए है। दूर-दराज से रायगढ़ शिक्षा ग्रहण करने आने वाली छात्राएं या तो अपने जान-परिचित, रिश्तेदारों के घर में रहती हैं या फिर कहीं किराए पर रह कर गुजारा करती हैं। जिससे उन्हें आर्थिक व मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। मेधावी छात्राओं को रहने में परेशानी होने से उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है। अगर यह छात्रावास पूरी तरह तैयार हो जाए तो 100 छात्राओं को रहने के लिए काफी सुविधा मिलेगी। इससे छात्राओं को काफी उम्मीद भी है पर शासन-प्रशासन व उच्च शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

### अब फिर से फण्ड की पड़ेगी जरुरत

शासन से पहले जो फंड मिला था उतने में ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने छात्रावास भवन बना दिया था। वहीं अब भवन खंडहर में तब्दील हो गया है तो इसे फिर से मरम्मत करने की जरूरत है। इसके लिए दोबारा फंड की आवश्यकता पड़ेगी। फंड की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी डिग्री कॉलेज प्रबंधन की है, लेकिन कॉलेज प्रबंधन इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। इस तरह सभी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और इसका खामियाजा छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है।



# छट्ठी कार्यक्रम में विवाद युवक ने की वृद्ध की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ खरसिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या और आर्म्स एक्ट में भेजा जेल

खरसिया क्षेत्र के ग्राम तुरेकेला में छट्ठी कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। कार्यक्रम में शामिल अर्जुन खड़िया नामक युवक ने 65 वर्षीय केन्दाराम खड़िया की तलवार से हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद खरसिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त तलवार को जप्त कर लिया है। वहीं उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए मृतक की बेटी सुकवारा बाई खड़िया ने थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 3 जुलाई को उनके घर के पास संपत खड़िया के यहां छट्ठी कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें गांव के कई लोग शामिल थे। उसी दौरान रात करीब सात बजे अर्जुन खड़िया और जगन्नाथ खड़िया के बीच हंसी मजाक में विवाद हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित केन्दाराम खड़िया सहित जवाहर खड़िया, जीवन खड़िया, बुटीलाल और रामकुमार ने दोनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया, लेकिन अर्जुन खड़िया गुस्से में वहां से चला गया। कुछ देर बाद अर्जुन तलवार लेकर वापस लौटा और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को डराने-धमकाने लगा। केन्दाराम ने उसे फिर समझाया, लेकिन अर्जुन नहीं माना। थोड़ी देर बाद जब केन्दाराम लघुशंका करने बाहर निकला तभी अर्जुन ने पीछे से उस पर तलवार से वार कर दिया, जिससे मौके पर ही केन्दाराम की मौत हो गई। घटना के बाद अर्जुन तलवार लेकर फरार हो गया। हत्या के इस मामले में थाना खरसिया में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन खड़िया को पकड़ने में सफलता पाई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार भी बरामद कर लिया है। आरोपी अर्जुन सिंह खड़िया निवासी तुरेकेला खडियापारा को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# युवक संघ ने रामनिवास चौक पर लगाए आधुनिक कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा जुलाई माह में विशेष सीसीटीवी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत व्यापारियों और आम नागरिकों को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा कम से कम एक कैमरे का फोकस मुख्य मार्ग पर रखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

शहर में सुरक्षा जागरूकता लगातार बढ़ रही है और आमजन के साथ ही शहर के जागरूक नागरिक भी पुलिस की इस पहल में सहभागिता निभा रहे हैं। इसी कड़ी में आज एमआईसी सदस्य एवं युवक संघ रायगढ़ के सक्रिय सदस्य सुरेश गोयल द्वारा युवक संघ के माध्यम से शहर के व्यस्ततम रामनिवास चौक पर चार आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनका कवरेज चौक के चारों दिशाओं में रहेगा। श्री गोयल ने बताया कि रामनिवास चौक पर पूर्व में लगे कैमरे तकनीकी रूप से पुराने हो चुके थे। कल पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा विशेष सीसीटीवी जागरूकता अभियान की जानकारी दिए जाने के बाद उन्होंने इस चौक पर नए कैमरे लगाने की पहल की। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ती भीड़.भाड़ और यातायात को देखते हुए चौक.चौराहों पर प्रभावी निगरानी आवश्यक है। श्री गोयल ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि सभी अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी अवश्य लगाएं और कम से कम एक कैमरे का फोकस सड़क या सार्वजनिक स्थल की दिशा में रखें, ताकि अपराधियों पर नजर रखी जा सके और शहर में हर नागरिक सुरक्षित महसूस कर सके।

### शहर में आज मनाया जाएगा मुहर्रम

**रायगढ़।** मुसलमानों का एक प्रमुख त्यौहार मुहर्रम रविवार को मनाया जायेगा। इस मौके पर तजियादारी के साथ अखाड़े का प्रदर्शन किया जाता है। यह पर्व करबला के मैदान में इमाम हुसैन और उनके 72 लोगों की शहादत की याद में मनाया जाता है। शहर के तुर्कपारा का काजी इमाम बाड़ा और चांदनी चौक का नवाब इमाम बाड़ा शहर की सबसे पुरानी और मशहूर इमाम बाड़ा है। यहां पर रियासरकाल से मुहर्रम के मौके पर ताजियादारी की परंपरा चली आ रही है और अब इस परंपरा को चौथी पीढ़ी आगे बढ़ा रही है। मोहर्रम का पर्व मुसलमानो का बहुत महत्वपूर्ण पर्व है यह पर्व उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। इसे बहुत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मोहर्रम का पर्व इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने में मनाया जाता हैए जो इमाम हुसैन और उनके परिवार की कुर्बानी को याद करता है। यह पर्व कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने 680 ईस्वी में उमय्यद खलीफा यजीद की सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। पैगंबर हजरत मोहम्मद स अ के इस्लाम के खिलाफ इस दौर के आतंक के पर्याय खलीफा यजीद के द्वारा स्वयं को खुदा मनवाने के लिए इमाम हुसैन और उनके साथियों और परिवार के 72 लोगों पर भारी जुल्म किया था। इमाम हुसैन और 72 लोगों की शहादत की याद में मोहर्रम के मौके पर ताजिया निकाली जाती है।

# शालाओं और छात्रावासों में अनुपस्थित बच्चों की उपस्थिति करवाएं सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ बहिरकेला में नवनिर्मित पीएचसी भवन में विद्युत कनेक्शन का काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी शनिवार को घरघोड़ा विकासखंड के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बहिरकेला गांव में निर्माणाधीन पी ए च सी भवन का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसीज से कार्य पूर्णता के बारे में अपडेट लिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सिविल वर्क और इलेक्ट्रिक फिटिंग का काम पूरा किया जा चुका है। बिजली कनेक्शन लगवाया जाना शेष है, कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बिजली आपूर्ति की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी बरौनाकुंडा में ऑयल पॉम प्लांटेशन कर रहे किसानों से मिलने पहुंचे। उन्होंने यहां प्लांटेशन के रकबे के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 6 किसान 20 एकड़ जमीन में ऑयल पॉम लगा रहे हैं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसानों को विभागीय योजनाओं के द्वारा दिए जाने वाले सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने घरघोड़ा में पीएम आवास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आवास का काम जल्द पूरा करवाने तथा आवास के लिए शौचालय की स्वीकृति दिए जाने के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्री.मेट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई.लिखाई और छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल में बच्चों की उपस्थिति के बारे में भी पूछा। कुछ बच्चे जिन्होंने छात्रावास में प्रवेश लिया हैए किन्तु अभी तक शिफ्ट नहीं होने की जानकारी मिली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने तत्काल सहायक आयुक्त ट्राइबल और जिला शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में सभी स्कूल और छात्रावास में प्रवेश लिए बच्चे स्कूल आना और छात्रावासों में शिफ्ट हों यह सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के साथ-साथ खेल गतिविधियों से भी जुडऩे की सलाह दी और उनके पसंदीदा खेल के बारे में पूछा। बच्चों ने बताया कि क्रिकेट खेलना पसंद है, इस पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बच्चों को क्रिकेट किट और खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने छर्राटांगर में मनरेगा के तहत किए जा रहे ब्लॉक प्लांटेशन का जायजा लिया और पौधरोपण किया। यहां दशहरी आम के पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से प्लांटेशन के बारे में जानकारी ली। एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर, सीईओ जनपद विनय चौधरी, नायब तहसीलदार पैकरा, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी गिरिजा सिदार, बीएमओ पैकरा, एसडीओ आरईएस कमलेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरिया में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया उत्सव

# बाहुड़ा यात्रा में महाप्रभु के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



बाहुडा यात्रा के अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकल गई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े । बाहुडा यात्रा भगवान जगन्नाथ एउनके बड़े भाई बलभद्र व उनकी बहन सुभद्रा की मौसी घर मौसी मंदिर से मुख्य जगन्नाथ मंदिर में वापसी का प्रतीक है।

वार्षिक रथ यात्रा के 9 दिन बाद देवताओं की वापसी का यह उत्सव सरिया में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया श्रद्धालु जन भक्ति भाव से रथ को खींचकर रहे थे। बाहुडा यात्रा के दौरान रथ में देवताओं की झलक देखने से बहुत शुभ माना जाता है। बाहुडा यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौसी मंदिर पहुंचे। सुबह से ही यात्रा के लिए विधि विधान से पूजा पाठ प्रारंभ हुई। पहंडी बीज की अनुष्ठान के बाद महाप्रभु जगन्नाथ नंदी घोष रथ में विराजमान हुए। इस दौरान चारों ओर हरि बोल व जय जगन्नाथ की ध्वनि गुंज रही थी। भगवान का पहंडी बीज के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए सात बार परिक्रमा कराने के बाद रथारूढ किया गया और कीर्तन भजन एवं घंटियों की धुन के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एदेवी सुभद्रा का रथ गांधी चौक मेला स्थल लाया गया।

तत्पश्चात यहां श्रद्धालुओं दर्शन हेतु रखा गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा पाठ के बाद बाद भगवान को श्री मंदिर पहुंचाया गया। पवित्र बाहुडा यात्रा के दौरान गजपति राजा से सम्मान ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान का सम्मान फूलमाला पहनकर व वस्त्र भेंट कर नगर के प्रथम नागरिक कमलेश अग्रवाल के द्वारा सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एवं ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान के मुख्य आतिथ्य में बाहुडा यात्रा धूमधाम से संपन्न हुआ। इस बार भी महिला श्रद्धालुओं की भीड उमडी।

# दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाया गया परीक्षण शिविर



**सरसीवा।** लोकसभा रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया के पहल पर जिले के सरियाए बरमकेलाए सारंगढ़ए कनकबीरा और बिलाईगढ़ में शिविर के बाद नगर पंचायत सरसीवा में दिव्यांगजनों तथा वृद्धजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। जिले के समाज कल्याण विभाग सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय की संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से यह शिविर किया गया। शिविर में व्हील चेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र, वाकर, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, छड़ी आदि हेतु दिव्यांगजनों और वृद्धजनों का चिन्हांकन किया गया। इस अवसर पर नारायण साहू नगर पंचायत सरसीवा उपाध्यक्ष, मयंक अग्रवाल पार्षद उप संचालक समाज कल्याण विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में आलिमको के पुनर्वास विशेषज्ञ हंजला इरशादए श्रवण विशेषज्ञ अरविंद पालए कैलिपर विशेषज्ञ सौभाग्य महापात्र द्वारा जरूरत मंद व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। शिविर में 49 जरूरतमंद दिव्यांग और वृद्ध जनों को उपकरण के लिए चिन्हित किया गया।

05 JULY- RGH-Bhoomi pg-2_Layout 1 7/5/2025 8:42 PM Page 1





# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

## लाइफ Style

# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था



कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में


**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

## टीवी मसाला





# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद-इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी।

उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप

### 24 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में पौधरोपण



**जशपुरनगर।** सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाने हेतु जारी कार्ययोजना अनुसार 5 जुलाई को जिले के 24 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के 40 उपार्जन केंद्रों में 100-100 नग कुल 4000 नग पौधों का रोपण किया गया तथा प्रधानमंत्री जी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का सफलता पूर्वक क्रियान्वयन किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा नारायणपुर समिति में पौधारोपण किया गया तथा सभी समितियों को ना केवल पौधारोपण करने अपितु रोपित पौधों का उचित तरीके से ट्री गार्ड आदि लगाकर संरक्षण करने हेतु निर्देश भी दिया गया। जिले के सहकारिता विभाग के समस्त अधिकारियों एवं अपेक्स बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों को अलग- अलग समितियों का नोडल अधिकारी नियुक्त कर इस कार्यक्रम को सहकारी समितियों के कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

### तार में फंसकर गिरा स्कूटी सवार, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** सड़क पर झूलते विद्युत तार से फंसकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का उपचार रायपुर में जारी है जबकि इस मामले में अब परिजन की शिकायत पर पुलिस ने विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि बौरीपारा निवासी सुरेश सोनी आ. स्व. बाल गोविन्द सोनी 2 जुलाई की भोर में 4-5 बजे के बीच अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6306 से अपने घर से खरसिया नाका की तरफ किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान सदर रोड कद्मी चौक जयपुरी कुर्ती दुकान के समीप एक विद्युत तार झूल रहा था। विद्युत विभाग की लापरवाही और अनदेखी के कारण झूलते हुए तार में फंसकर गिर गए। दुर्घटना के बाद सुरेश सोनी घंटों सड़क पर बेहोश पड़े रहे। सुरेश सोनी को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिलहाल सिर में गंभीर चोट के कारण वे रायपुर में भर्ती है।

### मृतक की चार दिन बाद भी नहीं हुई पहचान

**अम्बिकापुर।** शहर के पुलिस लाइन के समीप सड़क किनारे गंभीर हालत में मिले युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो जाने के चार दिन बाद भी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा है। अस्पताल के पुलिस कर्मियों के मुताबिक 1 जुलाई को लगभग 40 वर्षीय युवक पुलिस लाइन के मुख्य मार्ग किनारे अचेत हालत में पड़ा हुआ था। सूचना पर डायल 112 की टीम युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान 1 जुलाई की रात लगभग 9.30 बजे युवक की मौत हो गई।

### व्यापारी को मक्का सप्लाई के नाम पर लगाया था चूना

# 33 लाख की ठगी करने वाला आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

जिले की पत्थलगांव पुलिस ने 33 लाख से ज्यादा की ठगी करने वाले एक फरार आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मिथलेश साहू है, जो बगीचा के पंडरापाठ का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस ने झारखंड के निरशा गांव से दबोचा, जहां वह पहचान छिपाकर छिपा हुआ था। आरोपी के खिलाफ पत्थलगांव और सन्ना थाने में दो अलग-अलग ठगी के मामले दर्ज हैं।

22 जून को पत्थलगांव निवासी व्यवसायी विकास अग्रवाल, जो कि मारुति राइस मिल और फ्लाई ऐश ब्रिक्स के संचालक हैं, ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर 2024 को मिथलेश साहू, बैजनाथ साहू, अंशु अग्रवाल और फिरोज अंसारी ने उन्हें मक्का का अच्छा दाम दिलवाने का झांसा दिया।विश्वास दिलाने के बाद 15 मई 2025 तक आरोपी 160 टन मक्का, जिसकी कीमत 38 लाख 37 हजार रुपए है, ले गए लेकिन रुपए नहीं दिए। इसके बाद जब व्यापारी ने पैसे मांगे तो टाल-मटोल करने लगे और बाद में फोन बंद कर फरार हो गए।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### अन्य आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी

व्यापारियों से ठगी के मामले को हमने गंभीरता से लिया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी की गिरफ्तारी भी जल्द होगी।

#### सन्ना में भी की थी 80 हजार की ठगी

इसी तरह का एक और मामला थाना सन्ना में दर्ज है। जिसमें आरोपी मिथलेश और उसका साथी अंशु अग्रवाल, संतकुमार यादव नाम के दुकानदार से चावल दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपए ले गए। ना तो चावल दिया और ना ही पैसे लौटाए। इस पर संतकुमार ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

#### झारखंड से दबोचा गया आरोपी

दोनों मामलों में पुलिस ने बीएनएसकी धारा 318(4), 3(5) के तहत केस दर्ज किया। आरोपी लगातार फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी झारखंड के निरशा गांव में छिपा है।टीम ने झारखंड पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा और वापस जशपुर लाया। पूछताछ में आरोपी ने ठगी की बात स्वीकार की है। उसका मोबाइल भी जब्त किया गया है।

#### अन्य आरोपी अभी भी फरार

मामले में शामिल अन्य आरोपी अभी फरार हैं, लेकिन पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

#### जांच टीम में इनकी रही अहम भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उप निरीक्षक अर्जुन यादव, प्रधान आरक्षक मिथलेश यादव, आरक्षक पदुम वर्मा और महिला आरक्षक तुलसी रात्रे की अहम भूमिका रही।



परीक्षा दिलाने पहुंची 185 छात्राएं।

## प्रोगाम कोडिंग व बिजनेस मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा संपन्न

**पत्थलगांव।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में 185 युवतियों ने नवगुरूकुल में प्रवेश परीक्षा दिलाई। नव गुरुकुल जशपुर द्वारा विकासखंड पत्थलगांव में परीक्षा कराई गई ।

परीक्षा में पत्थलगांव के अलावा, रायगढ़ जिला के लैलूंगा, धर्मजयगढ़, कापू क्षेत्र के साथ फरसाबहार, कांसाबेल, बगीचा से बड़ी संख्या में 12वीं पास युवतियां परीक्षा देने के लिए शामिल हुई विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिनोद पैंकरा ने सभी परीक्षार्थीयो को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पत्थलगांव के बीआरसी वेदानंद आर्य ने बताया परीक्षा के प्रारंभ में सबका पंजीयन कराया गया, पंजीयन के बाद नव गुरुकुल संस्था जो कि जशपुर जिले के लाइवलीहुड कॉलेज अंतर्गत क्रियान्वित है। वहां की 05 सदस्यों की टीम परीक्षा लेने आई थी। उक्त संस्था में 18 माह का कोर्स संचालित होता है। जिसमें पहला कोर्स प्रोगाम कोडिंग एवं दूसरा कोर्स बिजनेस मैनेजमेंट का संचालन किया जा रहा है ये दोनों कोर्स 18 महीने के है जिसमें छात्राओं को निःशुल्क छात्रावास, भोजन एवं हर समय साथ में रहने के लिए लैपटॉप की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाती है। उस संस्था में प्रवेश के लिए चार चरण में परीक्षा आयोजित किया जाता है ।

## बगीचा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के मुख्य अतिथि में बगीचा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में धूम धाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया इस अवसर पर सरस्वती सायकल वितरण एवं स्कूल गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया।

विधायक ने अपने संबोधन में बताया कि हम सभी बहुत गरीबी में पढ़े हैं। आप लोगों को बहुत अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है आप अपने जीवन को तभी संवार सकते हैं जब आप मन लगाकर पड़ेंगे। पढ़ाई के साथ साथ खेल संस्कार अपने देश की संस्कृति एवं इतिहास का ज्ञान होना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, गायत्री नागेश, प्रभात सिदाम, सुभाष गोयल, हरीश आरिक, अरविन्द गुप्ता, रीना बरला, मुक्ता देवी, सविता द्विवेदी, भगवानु यादव एसडीएम प्रदीप राठिया और विकास खंड शिक्षा अधिकारी बगीचा उपस्थित थे।



कार्यक्रम के दौरान सायकल वितरित करतीं विधायक रायमुनी।



शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित छात्राएं।

### झारखंड से गिरफ्तार किया गया भू-माफिया का साथी

अम्बिकापुर। पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन हथियाने और उसे आत्म हत्या के लिए मजबूर करने के मामले में फरार चल रहे भू माफियाओं में से एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी को झारखण्ड से गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले में पूर्व में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि राजपुर के बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम भेस्की निवासी 65 वर्षीय भईरा राम आ. स्व. चुटरु पहाड़ी कोरवा ने 22 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतक के पुत्र संतराम, श्रीमती सुखमनिया, बसंत, श्रीमती भिन्सारी सहित अन्य लोगों के बयान लिए गये ।

### शाउमा विद्यालय कुंजारा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंजारा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय ने सभी नवप्रवेशी बच्चों का बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन को दिशा देने वाला सर्वोत्तम मार्ग है। बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें सशक्त, आत्मनिर्भर एवं योग्य नागरिक बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

## शिक्षा जीवन को दिशा देने वाला सर्वोत्तम मार्गः कौशल्या



शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण करतीं कौशल्या।

**नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक किया वितरित**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर शिक्षा को सर्वसुलभ और गुणवत्तायुक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। नवाचार का प्रयोग कर स्कूलों को स्मार्ट बनाया जा रहा है ताकि बच्चों को कठिन विषयों को समझाने में भी आसानी हो। इस अवसर पर श्रीमती साय ने नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## "सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना" ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ला रहा बदलाव



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्त्वाकांक्षी योजना "सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना"विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में लोगों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। अब ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों की ज़िंदगी में बड़ा बदलाव ला रही है।

इसी क्रम में जशपुर जिले के कुनकुरी निवासी डॉ. फूलचंद कुजूर ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कर ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणादायी मिसाल पेश की है। डॉ.फूलचंद कुजूर पेशे से एक डॉक्टर हैं और हमेशा स्वच्छ पर्यावरण एवं सतत ऊर्जा के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी उन्हें एक विज्ञापन के माध्यम से मिली, जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को पूरा किया। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगाने की कुल लागत लगभग 4.80 लाख आई, जिसमें से 78 हजार की सब्सिडी शासन द्वारा सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की गई। यह सोलर सिस्टम सात से आठ महीने पहले स्थापित किया गया और तभी से उन्हें निरंतर लाभ मिल रहा है। डॉ. कुजूर ने बताया कि यह सोलर पैनल सूर्य की प्राकृतिक ऊर्जा से बिजली उत्पन्न करता है, जिससे बिजली बिल में भारी बचत होती है और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलती है। उनका घर अब ग्रीन एनर्जी होम बन गया है, जहां बिजली की जरूरतें स्वच्छ ऊर्जा से पूरी हो रही हैं और अतिरिक्त बिजली विद्युत ग्रिड में भी आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि "यह पहल न सिर्फ मेरे बिजली बिल को कम कर रही है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में भी एक छोटा लेकिन सशक्त कदम है।

## वनोपज से तैयार जशप्योर का ट्रेडमार्क उद्योग विभाग को सौंपा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचल जशपुर की आदिवासी महिलाओं के समूह द्वारा प्राकृतिक वनोपज का प्रसंस्करण कर तैयार की गई विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियों का ब्रांड जशप्योर अब जशपुर और छत्तीसगढ़ की सीमाओं से बाहर निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कदमताल करने को तैयार है।

- जशप्योर बनेगा ग्लोबल ब्रांड जशपुर से निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच का मार्ग प्रशस्त

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को आत्मसात करते हुए एक अहम निर्णय लिया गया है जिसके तहत जिले की महत्वाकांक्षी महिला केंद्रित ब्रांड जशप्योर का ट्रेडमार्क अब उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। यह ऐतिहासिक निर्णय जशप्योर को व्यापक उत्पादन, संस्थागत ब्रांडिंग और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच दिलाने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है।







### परंपरा को उद्यमिता से जोड़कर खोली उन्नति की राह

जशप्योर ब्रांड महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला उपक्रम है, जिसे जिले की आदिवासी महिलाओं द्वारा संचालित किया जाता है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक, पोषणयुक्त और रसायनमुक्त खाद्य उत्पादों का निर्माण करते हुए स्थानीय समुदायों को रोजगार उपलब्ध कराना और सतत विकास को बढ़ावा देना है। इस ब्रांड का लक्ष्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि और वनोपज का प्रसंस्करण कर खाद्य उत्पादों के रूप में तैयार करना तथा रोजगार से जोड़ते हुए व्यावसायिक स्तर पर इन्हें व्यापक पहचान दिलाना है। जशप्योर के उत्पादों की मुख्य विशेषता यह है कि ये पूरी तरह से प्राकृतिक हैं। इनमें किसी भी प्रकार के प्रिज़र्वेटिव, रंग या कृत्रिम स्वाद का उपयोग नहीं किया जाता और ये सस्टेनेबल पैकेजिंग में उपलब्ध हैं। जशप्योर केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है।

अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास,
गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बोरोडिपा में रथयात्रा, जातरा पार्टी का दिखा जलवा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 1 और 2 जोकि बोरोडिपा के नाम से जाना जाता है यह पुसौर बस्ती का अभिन्न हिस्सा है। इस वार्ड के लोग जहां पुसौर के सामूहिक कार्यक्रम में भाग लेते हैं वहीं अपनी एकता और सक्रियता की वजह से अलग से पिछले कई सालों से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कराते रहे हैं। इसमें से रथयात्रा और नाम यज्ञ प्रमुख रूप है और इसमें दुर्गापुजा और शनिमंदिर की स्थापना अब जुड़ चुकी है। प्रतिवर्ष आशाढ शुक्ल के नवमी के दिन रथयात्रा होती है चूंकि द्वितीया और दशमी के दिन मुख्य बस्ती में होती है। आयोजित रथयात्रा में बोरोडिपा वासी आसपास के सभी लोगों को शामिल करने जहां उन्हें नेवता दिया वहीं उनसे यथोचित अंशदान देने की भी अपील की। रथयात्रा कार्यक्रम दौरान भगवान जगन्नाथ रथारूढ़ होने के बाद सौंरा पारा का जातरा पार्टी का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र बना वहीं महिला पुरूष सभी श्रद्धालु जन इसका लुत्फ उठाते हुए भगवान जगन्नाथ से अपनी अपनी खुशहाली के लिए मन्नते मांगी।

### साढ़े 31 लाख की ठगी, 6 गिरफ्तार


**शिवरीनारायण।** फर्जी एकाउंट के माध्यम से 31 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला शिवरीनारायण थाना का है। आरोपियों के द्वारा 9 राज्यों से समन्वय पोर्टल पर सायबर ठगी की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई थी। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्यूल एकाउंट के संबंध में एक्सीस बैंक शिवरीनारायण के शाखा में कुल 16 बैंक एकाउंट में सायबर ठगी से प्राप्त धनराशि 31 लाख 49 हजार 312 रुपये का जमा होना पाया गया है। सायबर घोखाधडी से प्राप्त धनराशि का उपयोग बैंक खाता धारकों व संवर्धक के द्वारा किया गया है। 6 खाता धारक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो भोला राम निवाशी किकिरदा के द्वारा बताया गया कि वह लखन लाल सुल्तान निवासी सारसडोल के कहने पर कमीशन के आधार पर अपना खाता दिया था। लखन लाल सुल्तान से पूछताछ पर बताया कि वह एजेंट के रूप में काम कर रहा था। लखन लाल सुल्तान का काम खाता संग्रह कर देना रहता था। जिसके एवज में 12 से 15 हजार रुपए हर खाता के पीछे मिल रहा था लखन लाल सुल्तान के द्वारा लगभग 10-15 लोगों का खाता गांधी शान्डे को दिया था। वर्तमान में गांधी शान्डे रायगढ़ जेल में सायबर ठगी में मामले में बंद है।

### विस सत्र के मद्देनजर अवकाश पर प्रतिबंध

**सक्ती।** विधानसभा सत्र को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के तहत कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे।

## निधन

### माया मौलिक



**पुसौर।** 1975 के आसपास शासकीय हास्पिटल पुसौर में पदस्थ रहे डा. पीएन मौलिक की पत्नी माया मौलिक का निधन हो गया। श्रीमती माया मौलिक अपने डाक्टर पति के निधन के बाद समुचे परिवार को बांधे रखने में अहम भूमिका निभाई। इन्होंने अपने 2 बेटे एवं 3 बेटियों को उनके पिता के दिवंगत होने की स्थिति में एक सुत्र में पिराये रखने में कारगर साबित होते रहीं कि इसी बीच 91 वर्ष की उम्र में बीते दिनांक को अपनी जीवन अंतिम यात्रा पुरी कर ली। इनका अंतिम संस्कार बडे ही विधि विधान से हुआ, जिसमें नगर प्रमुख लोगों के साथ-साथ सहदेव साव, हरित सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान आदि शामिल रहे।

## छात्रों को फिजिक्स के कांसेप्ट समझने में होगी आसानी, विषय पर पकड़ होगी मजबूत

# 13 साल बाद महलोई स्कूल को मिला फिजिक्स का लेक्चरर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



तमनार विकासखंड के महलोई हाई स्कूल में नजारा कुछ बदला सा है। यहां अब सभी विषयों की कक्षाएं लग रही हैं। बच्चे नियमित रूप से स्कूल आते हैं, क्लास अटेंड कर पढ़ाई में मन लगा रहे हैं। उन्हें इस बात की राहत है कि अब यदि फिजिक्स का कोई कॉन्सेप्ट समझना हो तो वह आसानी से समझ में आ जाएगा, क्योंकि यहां फिजिक्स के एक नियमित व्याख्याता की पदस्थापना हो चुकी है। पिछले सत्रों में यह अभाव बना हुआ था, जो अब युक्तियुक्तकरण के बाद दूर कर दिया गया है। महलोई स्कूल को 13 सालों बाद फिजिक्स के साथ इतिहास और हिंदी के अध्यापक मिले हैं।

इस बात को लेकर छात्रों में उत्साह और पालकों में संतोष है। स्कूल में पढ़ाई का माहौल भी बेहतर हो रहा है। कक्षा 11 वीं में विज्ञान संकाय लेकर पढ़ रही दीपिका पटनायक कहती हैं कि फिजिक्स इस संकाय के तीन प्रमुख विषयों में से एक है। इस विषय की ढंग से पढ़ाई न केवल अच्छे वार्षिक परीक्षा परिणाम के लिए आवश्यक है बल्कि आगे प्रतियोगी परीक्षाओं का सबसे महत्वपूर्ण आधार भी होता है। मेडिकल एंट्रेस एग्जाम में बायोलॉजी के अलावा केमिस्ट्री और फिजिक्स दोनों से समान अंकों के सवाल पूछे जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि ग्यारहवीं कक्षा से सभी विषयों में बराबर ध्यान दिया जाए। अब विषय विशेषज्ञ शिक्षक के आने से उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ यहां के छात्रों को मिलेगा। यहां इतिहास और हिंदी के विषय शिक्षकों की भी पदस्थापना हुई है। कक्षा दसवीं की छात्रा नीलम भगत ने बताया कि अब उनके सामाजिक विज्ञान और हिंदी विषय की पढ़ाई भी अच्छे से शुरू हो गई है। पहले इन विषयों के शिक्षकों की अनुपलब्धता से कोर्स पूरा करने में समस्या होती थी। जिसका असर परीक्षा परिणामों में दिखता था। अब स्कूल खुलने से पूर्व ही शिक्षकों की पदस्थापना करने से यहां पढने वाले विद्यार्थियों में राहत है।

### छात्रों को अपने बच्चों की तरह पढ़ाएं

गांव की निवासी संतोषी तिग्गा बताती हैं कि लंबे समय से शिक्षकों की मांग ग्रामवासियों द्वारा की जा रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जो युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की है, इसके बाद महलोई हाई स्कूल को तीन शिक्षक मिले हैं। अब कक्षाएं नियमित रूप से लग रही हैं। बच्चों में भी उत्साह है। पालकों में भी अब संतोष है कि सभी विषयों की अच्छे से पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से आशा है कि विद्यार्थियों को अपने बच्चों की तरह पढ़ाएंगे।



## मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के तहत अधिवक्ताओं की ली गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा और सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति एमसीपीसी के द्वारा 01 जुलाई से 07 अक्टूबर तक, कुल 90 दिवस का राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान शुरू किया गया है।

इस अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटारा मध्यस्थता के द्वारा करना है। साथ ही लोगों को यह भरोसा दिलाना है कि मध्यस्थता एक सरल, सस्ती और तेज प्रक्रिया है। इससे समय और धन की बचत होती है। अभियान के तहत तालुका अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक के उपयुक्त मामलों का निपटारा किया जाएगा। देश के हर कोने तक मध्यस्थता की पहुंच बनाना इसका लक्ष्य है। यह अभियान भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सुर्यकांत, के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा जिला न्यायालय रायगढ़ में संबंध में मीटिंग लिया गया। जिसमें जिला न्यायालय रायगढ़ के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सचिव सहित सभी अधिवक्ता, जिले के समस्त प्रशिक्षित मीडिऐटर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर उपस्थित रहे। बैठक में अभियान की सफलता के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई और मध्यस्थता प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने हेतु सुझाव साझा किए गए।

## प्राथमिक शाला दरिदा में निशुल्क गणवेश का किया गया वितरण



**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरित किया गया। नए शिक्षा सत्र 2025-26 से बच्चे नए रंग के गणवेश में नजर आ रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी ने शत-प्रतिशत स्कूल आने के लिए बच्चों को प्रेरित किया और कहा-कि शिक्षा ही बच्चों का असली धन है, इसलिए उन्हें नियमित विद्यालय आना चाहिए। नया स्कूल गणवेश पाकर नैनीहाल बच्चे उत्साहित रहे।

प्रियंका गोस्वामी ने कहा प्राथमिक शिक्षा बच्चों की नींव होती है, अगर यह मजबूत होगी तो आगे चलकर बच्चों को दिक्कतों का सामना करना नहीं पड़ेगा, इसलिए बच्चों को रोजाना आकर शिक्षा हासिल करना चाहिए। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरकारी स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा के छात्र छात्रा इस बार नए डिजाईन व रंग के यूनिफार्म में नजर आए।

इस बार शासन ने सरकारी स्कूल के यूनिफार्म के रंग व डिजाईन में बदलाव किया है। 16 जून से शिक्षण सत्र शुरू हो गया है, शासन से मिलने वाला यूनिफार्म स्कूलों तक पहुंचते ही बच्चो में काफी उत्साह देखा जा रहा है। कारण अब तक छात्र पिछले सत्र मिले पुराने यूनिफार्म का उपयोग कर रहे थे तो वहीं कुछ छात्र जो नव प्रवेशी हैं वे रंग-बिरंगे यूनिफार्म में नजर आ रहे थे, अब ये छात्र नए रंग के यूनिफार्म में नजर आए। शासन ने छात्र छात्राओं के लिए नए रंग और पैटर्न का गणवेश निर्धारित किया है, इसी प्रकार यह आकर्षक रंग सभी बच्चों को लुभा रहा है, शासन ने यूनिफार्म में बदलाव करते हुए इसका वितरण शुरू कर दिया है, इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। अध्यक्ष गुहाराम भारद्वाज ने कहा कि सभी बच्चें मन लगाकर पढ़ाई करें एवं नियमित स्कूल आएं।

### सम्मान समारोह में शामिल होने दे रहे न्यौता

**पुसौर।** अखिल भारतीय कोलता समाज के केन्द्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में समाज के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये उनका एक सम्मान समारोह 6 जुलाई रविवार को तुरंगा के रामचंडी मंदिर में रखा गया है। जिसके लिए कोलता समाज के आंचलिक अध्यक्ष जगन्नाथ प्रधान क्षेत्र के स्कूलों में जाकर समाज के छात्रों के साथ साथ संस्था प्रमुखों को भी कार्यक्रम में शामिल होने का नेवता दे रहे हैं। इस संबंध में भाजपा पार्षद एवं विधायक प्रतिनिधि रहे जगन्नाथ प्रधान ने बताया कि पुसौर क्षेत्र में दर्जनों स्कूल ऐसे हैं जहां कोलता समाज के छात्र पढ रहे हैं उन छात्रों में जो 90 प्रतिशत अंक लेकर अपने कक्षा में पास हुआ है ऐसे छात्रों को सम्मान किया जाना है। इसके लिए उन्होंने शासकीय आत्मानंद स्कूल पुसौर, कोडपाली हायर सेकेण्डरी स्कूल, आर्य विद्यासागर स्कूल, आदर्श ग्राम्यभारती, अभिनव विद्या मंदिर, छिछोर उमरिया स्कूल, पडिगांव स्कूल सहित अन्य कई स्कूलों में जाकर संबंधित छात्रों व संबंधित संस्था प्रमुखों को कार्यक्रम में शामिल होने नेवता दे रहे हैं।

## हर सप्ताह पटवारियों को दिया जा रहा राजस्व कार्य का लक्ष्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

बिलासपुर संभाग आयुक्त डॉ. सुनील जैन ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में संभाग के कलेक्टरों को कहा कि आम जनता के लिए निर्धारित कोर्ट की सुनवाई में समय पर उपस्थित रहें और यदि कोई प्रोटोकॉल अचानक महत्वपूर्ण कार्य के संपादन के लिए आ जाता है तो इसकी सूचना कोर्ट के प्रकरणों के आवेदक और अनावेदक को दें। कोर्ट की सुनवाई के दिन सुनिश्चित करें कि उस दिन कलेक्टर दौरा नहीं करें। आयुक्त डॉ. जैन ने भूअर्जन के प्रकरण में कहा कि भूअर्जन का प्रकरण में रिकार्ड दुरूस्त करना जरूरी है। यदि आवेदक को पूर्व में भुगतान हो गया है तो उसकी जांच कर लें।

आयुक्त ने सीएम जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही भौतिक एवं रसायन के लाइब्रेरी के निर्माण के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और मनरेगा के एसडीओ, तकनीकी सहायक और इंजीनियर का सहयोग लेने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने स्कूलों में स्वप्रेरणा से रिटायर्ड कर्मियों की सेवा लेने के लिए उन्हें प्रेरित करने के निर्देश दिए ताकि रिटायर्ड कर्मी अपने क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा दे ताकि उनका रिजल्ट बहुत अच्छा आए। आयुक्त ने राजस्व प्रकरण, पौधारोपण, लोक सेवा गारंटी, मनरेगा, अमृत सरोवर, एनआरसी, आयुष्मान, आयुष्मान वय वंदना, जाति प्रमाण पत्र, बिहान और लखपति दीदी से महिला सशक्तिकरण, स्कूल जतन योजना, खाद बीज भंडारण वितरण, स्वामित्व योजना पर बिलासपुर संभाग के कलेक्टरों से समीक्षा किए। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि जिले के पटवारियों को प्रति सप्ताह राजस्व कार्यों का लक्ष्य दिया जा रहा है। साथ ही उसकी समीक्षा तहसीलदार और एसडीएम के द्वारा लगातार की जा रही है। नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन कार्य का 83.90 प्रतिशत निराकरण हुआ है। नक्शा अपडेट का कार्य 66.36 प्रतिशत, डिजिटल हस्ताक्षर में 98.01 प्रतिशत, मुआवजा वितरण 89.95 प्रतिशत, स्वामित्व योजना 99.85 प्रतिशत कार्य हुआ है। राजस्व कार्य में तेजी लाने के लिए नवपदस्थ तहसीलदार पुष्पेन्द्र राज को तहसीलदार बरमकेला और तहसीलदार बरमकेला शनि पैकरा को भू अभिलेख शाखा, जिला कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ का कार्य विभाजन किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन के 1064 में से 1039 निराकृत, 25 आवेदन लंबित है। आयुष्मान भारत का 90.10 प्रतिशत और जिले के नागरिकों को पेंशन 94.59 प्रतिशत दिया जा रहा है।



## चंदन तालाब में राधे-राधे की हो रही ध्वनी

**पुसौर।** जगत गुरू कृपालु महाराज के प्रधान शिष्या श्रीस्वरी देवी के अनुयायियों की संख्या में इन दिनों काफी इजाफा हो रहा है। जिनके शिष्य प्रत्येक रविवार को चंदनतालाब सामुदायिक भवन में प्रार्थना सभा के साथ साथ भजन कीर्तन व प्रवचन का आयोजन करते रहे हैं जो पिछले लगभग एक वर्ष से जारी है। ज्ञात हो कि भगवान जगन्नाथ व बलभद्र तथा देवी सुभद्रा इन दिनों अपने मौसी के यहां है जो चंदन तालाब परिसर स्थित भवन को मौसी भवन बनाया गया है। उक्त राधे राधे भजन समिति के श्रद्धालु जन भगवान जगन्नाथ के समक्ष कीर्तन करने की योजना बनाई जिसे ये लगातार संपन्न कराते रहे हैं बीते शुक्रवार आषाढ़ नवमी के दिन भगवान जगन्नाथ का अंतिम दिन रहा जिसके लिए 56 भोग के चढावा के साथ साथ सस्वर भजन पुजन किया गया। इस संबंध में पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर ने बताया कि छप्पन भोग की व्यवस्था में हमारी टीम सुबह से लगी हुई थी। राधे राधे भजन समिति का मैं भी एक छोटा सा सदस्य हूं भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन के इस वर्ष के अंतिम रात्रि है इसके लिए कई तरह के सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं जिससे समूचा मौसी मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंज रहा है।

## बरबसपुर की करमा पार्टी मैनपुरी में देगी प्रस्तुति



**कुड़ेकेला।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शरीक होने छाल तहसील के बरबसपुर ग्राम की करमा पार्टी लखनलाल राठिया एवं कीर्तन राठिया की अगुवाई में 51 सदस्यों की टोली के साथ मैनपूरी के लिए 6 जुलाई को रवाना होगी। परमपूज्य सदगुरुदेव स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में यह टीम बिलासपुर, दिल्ली, कोरबा, बैजनाथ धाम, अंबिकापुर, कानपुर, गाजियाबाद, अमरकंटकए केंदई, मैनपुरी जैसे अनेक स्थानों पर अपने करमा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दे चुकी है। ब्रम्हलीन गुरुदेव स्वामी जी की बरबसपुरवासियों पर हमेशा विशेष कृपा रही है। सदगुरुदेव महाराज जी का इन आदिवासियों के उत्थान में अमूल्य योगदान रहा है। भारत में जहां कही भी इनके कार्यक्रम होते रहे है बरबसपुर की करमा पार्टी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हमेशा वहां पहुंचती आई है। इसी क्रम में आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए उपरोक्त बरबसपुर की करमा पार्टी मैनपुरी प्रस्थान को तैयार है। मैनपुरी में यह करमा पार्टी सदगुरुदेव भगवान महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में अपनी शानदार प्रस्तुति देगी।

## गौ मांस की बिक्री करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**कटेली।** सिटी कोतवाली सारंगढ़ के पुलिस स्टाफ के द्वारा गौ हत्या कर मांस को बिक्री करने वालो पर कार्रवाई करने मे सफलता प्राप्त हुई। शुक्रवार को प्रार्थी प्रियव्रत स्वर्णकार पिता पुरूषोत्तमलाल उम्र 30 वर्ष निवासी रायगढ़ रोड सारंगढ़ ने थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया कि मोचीपारा सारंगढ़ निवासी लक्ष्मीप्रसाद सतनामी, मुनु सतनामी एवं संतोषी सतनामी के द्वारा गौ हत्या कर मांस को बिक्री करने के लिए काट रहा है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घटनास्थल जाकर आरोपीगण को घेराबंदी कर उनके कब्जे से गौ मांस और उसको काटने का हथियार जप्त किया गया है और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## डीएपी की सीमित उपलब्धता के बीच वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



डीएपी खाद के सीमित आवक के मद्देनजर शासन ने वैकल्पिक तैयारी कर ली है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके तथा लिक्विड एनपीके जैसे उर्वरकों की समुचित व्यवस्था की गई है। इन उर्वरकों में भी आवश्यक पोषक तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद होते है जो फसल की उत्पादकता को बनाए रखने में पूरी तरह से सक्षम है।

- कृषकों को 20 हजार 763 मीट्रिक टन उर्वरकों का किया गया वितरण

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम के अनुकूल परिस्थिति को देखते हुए जिले में कृषि कार्य जोरों पर है। जिले में किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण, बीज उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। जिले की समितियों में अब तक कुल 27,785 मेट्रिक टन उर्वरक भंडारण कराया जाकर अब तक 20,763 मेट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। कृषकों के द्वारा डीएपी की मांग सबसे अधिक रही है, लेकिन इस वर्ष में डीएपी के सीमित आवक के कारण डीएपी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरक जैसे सिंगल सुपर फास्फेट एनपीके 12.32.16, 20.20.0.13, लिक्विड एनपीके का पर्याप्त भण्डारण जिले में किया जा रहा है।

### सक्षम है सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गौरीशंकर पटेल किसानों के बीच जाकर सिंगल सुपर फास्फेट एवं एनपीके खाद के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एनपीके 20.20.0.13 अमोनियम फास्फेट सल्फेट उर्वरक में नाइट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं सल्फर 13 प्रतिशत उपलब्ध होता है। उर्वरक में सल्फर की उपलब्धता होने के कारण फसलों में क्लोरीफिल एवं प्रोटीन का निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा फसलों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। सिंगल सुपर फास्फेट में स्फुर की मात्रा 16 प्रतिशत के साथ साथ सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्शियम 21 प्रतिशत होने के कारण मृदा अम्लीयता को सुधार कर पोषक तत्वों की उपलब्धता को बढ़ाती है। जिसके उपयोग से फसलों के उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है।

### कोचिंग कक्षाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के पहल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले सभी सातों विकासखण्ड में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश परीक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली नीट और इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली जेईई परीक्षा की तैयारी करने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले के छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। कोचिंग कक्षायें यूथ सेंटर धरमजयगढ़, यूथ सेंटर लैलूंगा, यूथ सेंटर घरघोड़ा, यूथ सेंटर तमनार, यूथ सेंटर खरसिया, यूथ सेंटर पुसौर और पीएम नटवर स्कूल रायगढ़ में 10 जुलाई से संचालित होंगी। जिसके लिए प्रत्येक विकासखण्ड से भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और गणित के 3-3 विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं का चयन किया गया है और इन चयनित व्याख्याताओं का दो दिवसीय कार्यशाला नटवर स्कूल रायगढ़ में आयोजित की गई थी। रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखंडों में मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए छात्रों के लिए कोचिंग कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।





